विज्ञापन-लेखन

विज्ञापन शब्द 'ज्ञापन'(सार्वजनिक सूचना) में 'वि' उपसर्ग लगाने से बना है जिसका अर्थ है –'विशेष जानकारी देना'|

यह जानकारी उत्पादित वस्तुओं,सेवाओं आदि से जुड़ी होती है|विज्ञापन में वस्तु के गुणों को बड़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाता है,जिससे उपभोक्ता लालायित (आकर्षित) हो और इन्हें खरीदने के लिए विवश हो जाए | (विज्ञापन के कारण उत्पादकों को अपनी वस्तुओं के अच्छे दाम मिल जाते हैं तो वहीं उपभोक्ता को वस्तुओं की जानकारी,तुलनात्मक दाम एवं चयन का विकल्प मिल जाता है| आजकल टी.वी.,रेडियों के कार्यक्रम,समाचार पत्र,पत्रिकाएँ,भवनों की दीवारें विज्ञापनों से रंगी दिखाई पड़ती है|

"किसी वस्तु,सेवा को बेचने के लिए जनसंचार माध्यम से किया गया प्रचार-प्रसार विज्ञापन(Advertisement) कहलाता है|"

विज्ञापन के प्रकार – विज्ञापन मुख्यतः छः प्रकार के होते हैं –

1. स्थानीय विज्ञापन
2. राष्ट्रीय विज्ञापन
3. वर्गीकृत विज्ञापन
4. औद्योगिक विज्ञापन

5. जनकल्याण से सम्बन्धित विज्ञापन 6. सूचनाप्रद विज्ञापन

<u>विज्ञापन लेखन से सम्बन्धित कुछ महत्वपूर्ण बातें</u> –

- विज्ञापन लिखते समय सबसे पहले जरुरी जानकारी को एकत्रित कर लेना चाहिए|
- सर्वप्रथम एक बाक्स-सा बनाकर ऊपर मध्य में विज्ञापित वस्तु का नाम मोटे अक्षरों में लिखना चाहिए|
- दाएं एवं बाएँ किनारों पर सेल,धमाका,खुशखबरी,खुल गया जैसे लोक लुभावने शब्दों को लिखना चाहिए|
- कुछ प्रेरक वाक्य- आज ही खरीदिए!,सोचिए मत!,जल्दी कीजिए!,सुनहरा मौका!,स्टॉक सिमित है!,सफलता की गारंटी!,पहले आओ,पहले पाओ! आदि का प्रयोग करें|
- बाई ओर मध्य में विज्ञापित वस्तु के गुणों का उल्लेख करें|
- ऊपर ही या नीचे जगह देखकर कोई छोटी-सी तुकबंदी भी करें जिससे पढ़ने वाला आकर्षित हो जाए|
- कम से कम शब्दों में विज्ञापन होना चाहिए|
- शब्दों में गागर में सागर भरने की क्षमता होनी चाहिए|
- भाषा सरस,रोचक तथा प्रभावपूर्ण होनी चाहिए| भाषा काव्यात्मक रहे तो बेहतर रहेगा|
- बॉक्स के दाहिनी तरफ विज्ञापित वस्तु का आकर्षक चित्र बनाएँ|
- विज्ञापन में सबसे नीचे आवश्यकतानुसार पता,मोबाइल नंबर आदि लिखें|
- प्रभावशाली विज्ञापन बनाने के लिए रंगीन पेंसिल का प्रयोग करें|

<u>अंक विभाजन</u> –

विषयवस्तु	-	2 अंक	प्रस्तुति	-	2 अंक
भाषा	-	1 अंक			

<u>नमूना</u> –

- **25-50 शब्दों में सैमसंग मोबाइल के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए |**



❖ **नए खुले आनंद योग केंद्र के लिए 25-50 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए |**



❖ **पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए|**



हमारा पर्यावरण हमारी जिम्मेदारी है यदि हमें पेड़ों को काटेंगे, कूचरा इधर-उधर फेकेंगे कूड़ेदान में नहीं डालेंगे तो हमारे देश की स्वच्छता बरकरार नहीं रहेगी। ~~हम एक सब~~ तो आइए प्रण लें कि आज से हम कभी भी अपने पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाएँगे और, खाली पड़ी जमीन पर पौधे लगाएँगे, कचरा हमेशा कूड़ेदान में ही फेकेंगे और देश ~~का~~ अपने घर, आस-पास पड़ोस के आसपास की जगह साफ रखेंगे और देश को ~~स~~ स्वच्छ बनाने में अपना

- **अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओरसे जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए |**

<u>**अभ्यास प्रश्न-**</u>

- सामाजिक जागरूकता के लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन बनाएँ| विषय-बेटी बचाओ,बेटी पढाओ |
- विद्यालय के वार्षिक खेल दिवस हेतु आकर्षक विज्ञापन बनाइए जिसमे अभिभावकों को आमंत्रित किया गया हो|
- विद्यालय की कलावीथी में कुछ पेंटिंग्स बिक्री के लिए उपलब्ध है|इसके लिए 50 शब्दों में विज्ञापन लिखिए |
- 'कोरोना टीकाकरण' अभियान हेतु जागरूकता लाने के लिए एक विज्ञापन 25-50 शब्दों में तैयार कीजिए |